BULANDSHAHR POLICE

दिनांक- 03 जनवरी, 2025 **थाना सिकन्द्राबाद**

01 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये गये 48,000/- रुपये व घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 02.01.2025 को वादी सरजीत सिंह निवासी ग्राम अंधैल थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर ने थाना सिकन्द्राबाद पर तहरीर दी कि वह दिनांक 30.12.2024 को किसी काम से जोखाबाद में जा रहा था तो रास्ते में उसके रुपये गिर गये तभी एक ई-रिक्शा वाला उसके रुपये उठाकर भाग गया। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं-09/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

उक्त के क्रम में आज दिनांक 03.01.2025 को घटना में संलिप्त एक अभियुक्त को चोरी किये गये 48,000/- रुपये सहित गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1- टीटू उर्फ चमकी पुत्र कल्लू उर्फ कलुआ निवासी खत्रीवाडा थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी का विवरण-

1– 48,000/- रुपये नकद

2- 01 ई-रिक्शा

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री रवि रतन सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्द्राबाद।
2. उ0नि0 योगेश कुमार, है0का0 कृष्ण प्रकाश, का0 सोनू कुमार

मीडिया सैल बुलन्दशहर